केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 06/08/2025

प्रेस विज्ञप्ति

कोर में स्वच्छता संगोष्ठी

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, में स्वतंत्रता दिवस समारोह (IDC-2025) के अन्तर्गत 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चल रहे "स्वच्छता अभियान में दिनांक 06.08.2025 को स्वछता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/कोर-श्री के.के. श्रीवास्तव थे।

मुख्य वक्ता ने बताया कि स्वछता अभियान स्वयं से शुरू करना चाहिए जो तीन चरणों मे होती है जैसे शारीरिक स्वछता, मानसिक स्वच्छता तथा सामाजिक स्वछता तथा सफाई कर्मियों को सफाई सेवक कहना अधिक उपयुक्त होगा। इसी क्रम में मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी-श्री कल्याण सिंह ने बताया कि पान, तंबाकू खाकर इधर-उधर न थूकें क्योंकि इससे गंदगी व संक्रमण दोनों फैलता है और इसी के साथ ई- आफिस पर कार्य करने के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया जिसका मुख्य लाभ कागज़ की खपत कम करना है।

उक्त कार्यक्रम में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी-श्री सौरभ मिश्रा, सचिव-महाप्रबन्धक-श्री नरेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ विधि अधिकारी/वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी-श्री एस. एन. श्रीवास्तव, सहायक कार्यकारी अभियन्ता-श्री फूल चंद एवं जनसम्पर्क अधिकारी/सहायक सचिव (म.प्र.)-श्री विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने संगोष्ठी में अपनी उपस्थिती देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज